हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 3 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री



11 निधि नाग बनीं जिले की अतिरिक्त पुलिस ...





12 तुरतुरिया में इको रिलीजियस टूरिज्म ...






### 10 निरीक्षक, 1 उपनिरीक्षक और 2 सहायक उप निरीक्षकों का स्थानांतरण

# नए साल में जिला पुलिस में बड़ा फेरबदल, 13 कर्मचारियों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

नए साल की शुरुआत के साथ ही बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी आदेश के तहत 10 निरीक्षक, 1 उप निरीक्षक और 2 सहायक उप निरीक्षकों के तबादले किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के हस्ताक्षर से जारी इस आदेश में कई थानों के प्रभारियों को बदला गया है, जिससे जिले की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की मंशा साफ झलकती है।

### प्रशासनिक कसावट की तैयारी

*पुलिस विभाग का मानना है कि इस तबादले से थानों के कार्य संचालन में तेजी आएगी और अपराध नियंत्रण के साथ-साथ जनसंपर्क भी मजबूत होगा।*




### शहर के दोनों थाना के प्रभारी बदले गए

**भाटापारा।** शहर के दोनों थाना शहर एवं ग्रामीण थाना में नये थाना प्रभारी पदस्थ किये गये हैं। उक्ताशय का आदेश जिला पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने देर शाम जारी किया। शहर थाना में अमित पाटले एवं ग्रामीण थाना में हेमंत पटेल को पदस्थ किया गया है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व अमित पाटेल ग्रामीण थाना मे पदस्थ रह चुके हैं वहीं हेमंत पटेल यातायात विभाग में पदस्थ रह चुके हैं संभवतः 3 जनवरी को दोनों थाना प्रभारी अपना पदभार ग्रहण करेंगे।

### इन्हें मिली नई जिम्मेदारी

निरीक्षक रितेश मिश्रा को थाना सिमगा से प्रभारी सिटी कोतवाली बलौदाबाजार, निरीक्षक धीरेन्द्रनाथ दुबे को थाना गिरौद से प्रभारी थाना हथबंद, निरीक्षक लखेश केंवट को थाना भाटापारा ग्रामीण से प्रभारी थाना सिमगा, निरीक्षक अमित पाटले को थाना लवन से प्रभारी थाना भाटापारा शहर, निरीक्षक हेमंत पटेल को थाना पलारी से प्रभारी थाना भाटापारा ग्रामीण, निरीक्षक शशांक सिंह को थाना कसडोल से प्रभारी थाना सुहेला, निरीक्षक परिवेश तिवारी को थाना राजादेवरी से प्रभारी थाना पलारी, निरीक्षक प्रमोद सिंह को रक्षित केंद्र बलौदाबाजार से प्रभारी थाना लवन वही सबसे लंबे समय 13 मार्च 2024 से अब तक थाना सिटी कोतवाली का प्रभार संभालने के बाद निरीक्षक अजय झा को सिटी कोतवाली बलौदाबाजार से प्रभारी थाना कसडोल बनाया गया है। निरीक्षक प्रवीन मिंज को थाना भाटापारा शहर से प्रभारी थाना गिरौद, निरीक्षक केसर पराग बंजारा को थाना सुहेला से रक्षित केंद्र बलौदाबाजार, उप निरीक्षक गोकुल पटेल को पुलिस सहायता केंद्र निपनिया से प्रभारी थाना राजादेवरी, सहायक उप निरीक्षक नवीन शुक्ला को सायबर सेल बलौदाबाजार से प्रभारी पुलिस सहायता केंद्र निपनिया, सहायक उप निरीक्षक मो. जमील को सिटी कोतवाली बलौदाबाजार से साइबर सेल बलौदाबाजार किया गया है।

# काम से लौट रहे युवक पर चाकू और पत्थर से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

शहर के कृषि उपज मंडी क्षेत्र में नए साल के पहले ही दिन एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहाँ काम से घर लौट रहे एक युवक पर दो आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से चाकू और पत्थर से हमला कर दिया। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक बालिग आरोपी और एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में ले लिया है। गिरफ्तार आरोपी में तेसू उर्फ राहुल सोनी (निवासी नया गंज वार्ड, भाटापारा) और एक विधि से संघर्षरत एक बालक शामिल हैं।

**लघुशंका के लिए रुका था युवक, तभी हुआ हमला**-पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नेहरू वार्ड निवासी प्रार्थी आकाश साहू 1 जनवरी की रात करीब 8.30 बजे मिल में काम खत्म कर घर वापस लौट रहा था। कृषि उपज मंडी गेट नंबर 2 के पास वह लघुशंका के लिए रुका, तभी आरोपी तेसू उर्फ राहुल सोनी 19 वर्ष और उसका एक साथी (नाबालिग) वहां पहुंचे। आरोपियों ने बिना किसी ठोस कारण के प्रार्थी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब आकाश ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से उस पर हमला बोल दिया।



### नाजुक अंगों पर किया वार

हमला इतना गंभीर था कि आरोपियों ने चाकू और पत्थर से प्रार्थी के सिर, आंखों के पास और अन्य नाजुक अंगों पर प्रहार किए, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद घायल युवक ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

भाटापारा शहर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए धारा 296, 351(2), 109, 3(5) एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। साक्ष्यों और प्रार्थी के बयान के आधार पर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। फिलहाल, पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रही है।

## खबर संक्षेप

### शहीद वीरनारायण दिवस पर अवकाश की मांग



**बलौदाबाजार।** सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई बलौदाबाजार के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर दीपक सोनी को इस वर्ष भी 10 दिसम्बर 2026 दिन गुरुवार को छत्तीसगढ़ शहीद वीरनारायण सिंह बलिदान दिवस पर जिले में स्थानीय अवकाश घोषित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इसमे कलेक्टर द्वारा शहादत दिवस पर छुट्टी की घोषणा स्वीकृति करने की बात कही। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव, जिला महिला प्रभाग जिला सचिव राधा ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### छेरछेरा पूर्णिमा पर साराडीह में मड़ई मेला आज

**पलारी।** ग्राम साराडीह में छेरछेरा पूर्णिमा पर आज मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी माटी के सिंदूर, ग्राम बूटाकसा, जिला मोहल्ला मानपुर का कार्यक्रम रखा गया। इसकी जानकारी सरपंच झुमुक साहू, हेमलाल ध्रुव, रामकिसुन साहू, देवचरण साहू एवं दुष्यंत साहू ने संयुक्त रूप से दी।

### दौड़ रहे ओव्हरलोड रेत ट्रकों पर कार्रवाई नहीं



**सिमगा।** सिमगा-बेमेतरा-कवर्धा मार्ग पर कुछ दिनों से खुले में ओवरलोड हाइवा से रेत परिवहन का कार्य रात दिन धड़ल्ले से जारी है। जानकारी के अनुसार यह धंधा महानदी आरंग परिक्षेत्र से रेत परिवहन का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है। सिमगा में नेशनल हाईवे सड़क के अंडर ब्रिज के नीचे से बेमेतरा मार्ग पर बड़े बड़े हाइवा गाड़ियों में बिना तालपत्री से ढ़ंके ओवरलोड रेत परिवहन किया जा रहा है। बिना तालपत्री के ढ़ंके हुए रेत सड़कों पर बिखर रही है, जिसकी वजह से दो पहिया वाहन चालक दुर्घटना ग्रस्त हो रहे हैं। वहीं करोड़ों रुपया की लागत से निर्मित सड़के बर्बाद हो रही है। राहगीरों के शरीर एवं आंखों पर रेत के कण ⏩ शेष पेज 10 पर

## मतदाता सूची पुनरीक्षण में बिलाईगढ़ विस के 7145 मतदाताओं को जारी हुए नोटिस

**बिलाईगढ़।** आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्य के तहत बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 7145 मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। यह कार्रवाई भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार की जा रही है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाना है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जारी नोटिस उन मतदाताओं को दिए गए हैं जिनके नाम, पते, आयु या अन्य विवरणों में संशय, त्रुटि अथवा दोहराव की आशंका पाई गई है। संबंधित मतदाताओं से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना पक्ष प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया है, ताकि सही तथ्यों के आधार पर मतदाता सूची का संशोधन किया जा सके। निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह नियमों के तहत की जा रही है और किसी भी ⏩ शेष पेज 10 पर

## जिले में अब तक 88468 किसानों से 428748 मीट्रिक टन धान खरीदी

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को खाद्य, सहकारिता, कृषि एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने उठाव की अत्यधिक



आवश्यकता वाले समिति एवं उपार्जन केंद्रों से तत्काल धान उठाव शुरू करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि लगभग 40 ऐसे समिति एवं उपार्जन केन्द्र है जहां मिलर्स से तत्काल ⏩ शेष पेज 10 पर

# 50 लाख की जमीन धोखाधड़ी मामले में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

जमीन खरीदी-बिक्री के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के विरुद्ध भाटापारा शहर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में फरार चल रहे तीन अन्य मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इन आरोपियों ने कूट रचित (फर्जी) दस्तावेज तैयार कर प्रार्थी से 50 लाख की ठगी की थी। प्रार्थी राधेश्याम आर्य निवासी संतकंवर राम वार्ड को आरोपियों ने ग्राम सांकरा में एक अच्छी जमीन बिकाऊ होने का झांसा दिया था। भाटापारा में हुई बैठक के दौरान 68 लाख प्रति एकड़ की दर से सौदा तय हुआ। आरोपियों के जाल में फंसकर प्रार्थी ने इकरारनामा एग्रीमेंट किया और बयाना के तौर पर 50 लाख दे दिए। 10-11 मार्च को जब प्रार्थी ने अपने स्तर पर जमीन की जांच की, तब उसे पता चला कि जमीन का कोई सौदा हुआ ही नहीं है और आरोपियों ने ⏩ शेष पेज 10 पर



### पुलिस कार्रवाई और गिरफ्तारी

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना शहर में बीएनएस की विभिन्न धाराओं (340(2), 318(2), 319(2), 3(5), 336(2), 338, 61(2)) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इस मामले में पुलिस ने पहले एक आरोपी लक्ष्मण चौहान को गिरफ्तार किया था, जबकि अन्य फरार थे। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में शहर पुलिस ने दबिश देकर रायपुर और बेमेतरा से जुड़े 3 और आरोपियों को धर दबोचा। इसमें जनार्दन नेताम 34 वर्ष निवासी गरियाबंद, रमन लाल नादिया 42 वर्ष निवासी चंगोराभाठा रायपुर और सुनील अग्रवाल 49 वर्ष निवासी नांदघाट जिला बेमेतरा शामिल हैं।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव
उपहार वितरण सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 3 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।

समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।

नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।




### साहू समाज की वार्षिक समीक्षा बैठक में कई निर्णय हुए

**खरोरा।** ग्राम मुड़पार में इस वर्ष भी छेरछेरा पूर्णिमा एवं नववर्ष पर साहू समाज की वार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज की आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया तथा वर्षभर की सामाजिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष जगन्नाथ साहू ने की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुंदरलाल साहू, सचिव दुखहरन साहू, कोषाध्यक्ष दाऊलाल साहू, सहित समाज के वरिष्ठ नागरिक लेटलूराम साहू, तिहारूराम साहू, बाबूलाल साहू, रामनाथ साहू, हीराराम साहू, डोमार साहू, दिगेश्वर साहू सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। इसके साथ ही भूतपूर्व उपसरपंच यशकुमार साहू, समाज के वरिष्ठ डोमार साहू, अश्वनी साहू, रामलाल साहू एवं युवा प्रकोष्ठ के सदस्य भी कार्यक्रम ⏩ शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप




### नाली पर बने पाटों को तोड़कर कराई सफाई

**रायपुर।** नगर निगम की टीम ने गुरुवार को रायपुरा चौक महादेवघाट मार्ग से ओम हास्पिटल तक नाली पर बनाए गए 50 पाटों को जेसीबी मशीन से तोड़कर नाली की सफाई करवाई। नाली पर पाटा बनाकर कब्जा करने से नाली की सफाई प्रभावित हो रही थी, आसपास के रहवासियों ने इसकी शिकायत जोन 5 दफ्तर में की। शिकायत के बाद जोन 5 कमिश्नरी ने इस पर संज्ञान लेकर पाटों को तोड़ते हुए सफाई में आ रही बाधा दूर की। शहर में नाली पर पाटा बनाए जाने से गंदे पानी के निकास की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जोन स्तर पर जनशिकायत मिलने पर निगम की टीम नालियों को कब्जा मुक्त कराने अभियान चलाती है। इसी कड़ी में जोन 5 के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रायपुरा चौक मार्ग से लेकर ओम हॉस्पिटल तक नाली पर निर्मित किये गए 50 पाटों को जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़कर नाली को कब्जामुक्त करवाया।

### डिप्टी सीएम साव के ओएसडी होंगे अजय त्रिपाठी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव के ओएसडी बदल दिए गए हैं। विपुल गुप्ता की जगह अजय त्रिपाठी नए ओएसडी बनाए गए हैं, जो कि पीडब्ल्यूडी, पीएचई, नगरीय प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के ओएसडी बनाए गए हैं। बता दें कि अजय त्रिपाठी कबीरधाम जिला पंचायत के सीईओ हैं। विपुल गुप्ता संयुक्त कलेक्टर मूल पद पर वापस भेजे गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

### पॉवर कंपनी में भी अब बायोमैट्रिक उपस्थिति



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के डगनिया, रायपुर स्थित मुख्यालय परिसर में अब आधार सक्षम बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली प्रारंभ कर दी गई। इस प्रणाली के अंतर्गत यहां पदस्थ समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुबह 10 बजे उपस्थिति देते वक्त तथा शाम 5.30 बजे कार्यालय छोड़ते वक्त अपने आने एवं जाने की बायोमैट्रिक उपस्थित अंकित करनी होगी। कंपनी के संयुक्त कार्यालय परिसर में 7 स्थानों पर बायोमैट्रिक डिवाइसेस लगाई गई हैं। यह सुविधा भी दी गई है कि आधार सक्षम बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली में अपने कार्यालय की निर्धारित परिधि में आकर अपने मोबाइल फोन में डाउनलोडेड एप से भी यह कार्य किया जा सकता है।

### शहर में लोगों को ठिठुरन से बचाने 30 जगहों पर अलाव

**रायपुर।** राजधानीवासियों को शीतलहर से राहत दिलाने नगर निगम द्वारा जयस्तंभ चौक, नेताजी सुभाष स्टेडियम, आंबेडकर अस्पताल परिसर, पुराना बस स्टैंड पंडरी, रेलवे स्टेशन के पास चंगोराभाठा बाजार, हीरापुर चौक सहित 30 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने से लोगों को ठिठुरन से राहत मिली है। यह व्यवस्था नगर निगम के संबंधित जोन के माध्यम से की जा रही है। अलाव की व्यवस्था शंकर नगर, अवंति विहार कॉलोनी, टाटीबंध चौक, कबीर नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सरोना, चन्दनीडीह, महोबा बाजार, परमानन्द नगर कोटा, सत्यम विहार रायपुरा, शिक्षक कॉलोनी डंगनिया, तेलीबाँधा तालाब मरीन ड्राइव, जगन्नाथ चौक रामनगर,बड़ा अशोक नगर, जोन 9 कार्यालय परिसर के समीप मोवा में भी की गई है।

# सरकारी अस्पतालों में बनेंगे विश्राम गृह, बड़े शहरों से होगी प्रोजेक्ट की शुरुआत

## शुरुआती चरण के लिए रायपुर, अंबिकापुर, रायगढ़ और जगदलपुर के मेडिकल कॉलेजों का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में विश्राम गृह खोले जाएंगे। इलाज के लिए आने वाले मरीजों के परिजन यहां किफायती दर पर रुक सकेंगे। शुरुआती चरण में रायपुर, अंबिकापुर, रायगढ़ और जगदलपुर जैसे प्रमुख शहरों के मेडिकल कॉलेजों को चुना गया है।

यहां दूरस्थ अंचलों से आने वाले मरीजों की सर्वाधिक संख्या होती है, इसलिए पहले यहां विश्राम गृह बनाए जाएंगे। इसके बाद प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी इसी तर्ज पर विश्राम गृह का निर्माण होगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, दूर-दराज के गांवों से शहर आने वाले गरीब परिवारों के लिए सबसे बड़ी चुनौती इलाज के साथ-साथ खुद के ठहरने की होती है। मरीज तो वार्ड में इलाज करा रहा होता है, लेकिन उसके अपने लोग अस्पताल के गलियारों, ठंडी सीढ़ियों या खुले आसमान के नीचे रातें गुजारने को मजबूर होते हैं। इसी मानवीय पीड़ा को महसूस करते हुए यह नई व्यवस्था की जा रही है। एमओयू संपादन के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, तकनीकी शिक्षा मंत्री खुशवंत साहेब, स्वास्थ्य विभाग सचिव अमित कटारिया, चिकित्सा शिक्षा विभाग आयुक्त रितेश अग्रवाल सहित सेवादान फाउंडेशन के सदस्य उपस्थित रहे।




### मरीजों को राहत पहुंचाने व्यवस्था

इन आश्रय स्थलों के निर्माण, सजावट और उनके रोजमर्रा के संचालन का पूरा जिम्मा संस्था खुद उठाएगी। सरकार और संस्था मिलकर एक ऐसा मानवीय ढांचा तैयार कर रहे हैं जहां परिजनों को सुरक्षित, स्वच्छ और बेहद किफायती ठहराव मिल सके। इन विश्राम गृहों में लोगों के लिए 24 घंटे सुरक्षा, सीसीटीवी की निगरानी, साफ-सुथरा भोजन और एक गरिमामय माहौल भी सुनिश्चित किया जाएगा। विभाग के अनुसार, यह कदम न केवल स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती देने के साथ हजारों परिवारों को बड़ी मानसिक राहत पहुंचाएगा, जिनके पास शहर में रहने का कोई ठिकाना नहीं होता। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, विश्राम गृह 'नो प्रॉफिट-नो लॉस' के आधार पर संचालित होंगे। सरकार का उद्देश्य मरीजों के साथ आने वाले परिजनों की गरिमा और सुविधा का भी ख्याल रखना है।

## बैठक : जंबूरी के सफल आयोजन को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी को लेकर शिक्षा मंत्री ने ली मैराथन बैठक




हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने प्रथम राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी तैयारी को लेकर मैराथन बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने 9 से 13 जनवरी तक दुधली जिला बालोद में आयोजित होने वाले प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी तैयारी को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में आयोजन की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, सहभागिता तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा पर गहन चर्चा कर रूपरेखा तैयार की गई। शिक्षा मंत्री ने बताया कि जंबूरी का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। पांच दिवसीय इस राष्ट्रीय जंबूरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम, परेड, मार्च पास्ट, झांकी, डॉग शो, बैंड प्रदर्शन, रक्तदान शिविर, युवा सांसद, एडवेंचर गेम्स, फिजिकल डिस्प्ले, वॉटर स्पोर्ट्स, प्रदर्शनी तथा छत्तीसगढ़ डे जैसे विविध प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री, सांसद, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता प्रस्तावित है। पूरे भारत के राज्यों एवं संघठनों से दस हजार से अधिक रोवर-रेंजर इस जंबूरी में भाग लेंगे। साथ ही श्रीलंका, भूटान एवं नेपाल से भी युवा प्रतिभागियों के आने की संभावना है। शिक्षा मंत्री यादव ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं प्रभारीजनों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जंबूरी भ्रमण कार्यक्रम में आसपास के जिलों के स्कूली विद्यार्थियों को भी शामिल करने के निर्देश दिए। साथ ही पूरे परिसर में स्वच्छता, पेयजल, सुरक्षा, चिकित्सा एवं भोजन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस समीक्षा बैठक में राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा, राज्य सचिव जितेंद्र साहू, जिला मुख्य आयुक्त बालोद राकेश यादव, बालोद जिला शिक्षाधिकारी मधुलिका तिवारी, राज्य मुख्य आयुक्त रोवर अशोक देशमुख, सुनील तिवारी, बीना यादव, सरिता पांडे, जलवती साहू, पूनम सिंह साहू, अमित क्षत्रिय, भूपेंद्र शर्मा, अमर मोदी, मिलन सिन्हा, विजय यादव, डीके पुरोहित, आनंद राम बघेल, शत्रुघन साहू, मितेन गणवीर, हेमंत देवांगन, हेमंत शर्मा, संजय मानिकपुरी, हेमधर साहू, राजीव तिवारी, अवधेश विश्वकर्मा, कमलेश साहू, तिलेश्वर बघेल, उत्तरा मानिकपुरी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कोडार जलाशय से परसट्ठी खार को जल प्रदाय की मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

कोडार जलाशय से रबी फसल हेतु किए जा रहे जल प्रदाय में ग्राम परसट्ठी खार को शामिल किए जाने की मांग किसानों द्वारा की गई है। इस संबंध में ग्राम पंचायत बरोंडा बाज़ार अंतर्गत ग्राम परसट्ठी के किसानों ने कलेक्टर महासमुंद को आवेदन सौंपा है। आवेदन में बताया गया है कि इस वर्ष क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा होने के कारण कोडार जलाशय में पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध है तथा वर्तमान में रबी फसल के लिए गांव बंजारी, घोंघीबाहरा, बनसिवनी, कौंदकेरा, सोरिद, चोरभट्ठी, नयापारा, परसदा, मुस्की, कांपा, खरोरा एवं बरोंडा बाज़ार सहित कई ग्रामों को जल प्रदाय किया जा रहा है। लेकिन, ग्राम परसट्ठी खार को इस सूची में शामिल नहीं किया गया है। किसानों ने बताया कि पूर्व में दो बार रबी फसल के लिए जल प्रदाय किया गया था, जिसमें ग्राम परसट्ठी को भी सम्मिलित किया गया था। ग्राम का रकबा छोटा होने के बावजूद पानी नही मिलने से किसानों को रबी फसल से वंचित होना पड़ सकता है। आवेदन के माध्यम से किसानों ने मांग की है कि पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी ग्राम परसट्ठी खार को जल प्रदाय योजना में शामिल किया जाए। साथ ही जहां तक वर्तमान में पानी पहुंचाया जा रहा है, उसके आगे स्थित दो नहर माइनर को भी जोड़ने की मांग की गई है, जिससे क्षेत्र के अधिक किसानों को सिंचाई का लाभ मिल सके। कलेक्टर को दिए गए आवेदन में सरपंच लेखराज साहू सहित अनेक किसानों ने हस्ताक्षरित आवेदन सौंपते हुए प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा जताई है।

## 5 जिलों में 174 किमी सड़क होगी चौड़ी और मजबूत

**रायपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में चार सड़क खंडों के मजबूतीकरण, चौड़ीकरण और उन्नयन के लिए 664 करोड़ 67 लाख रुपए मंजूर किए हैं। सीआरआईएफ से प्राप्त होने वाली इस राशि से राज्य के पांच जिलों में करीब 174 किलोमीटर सड़कों के विकास और उन्नयन के कार्य किए जाएंगे। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने गुरुवार को राशि स्वीकृति का आदेश राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग के सचिव को भेजा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने राज्य में सड़कों के विकास के लिए इतनी बड़ी राशि देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को धन्यवाद दिया है।

## छत्तीसगढ़ का नया बजट

# अब सभी मंत्रियों की वित्तमंत्री से चर्चा 6 से 9 जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2026-27 का बजट बनाने की प्रक्रिया अंतिम और निर्णायक दौर में आ पहुंची है। अब से पहले महीनों से विभागाध्यक्ष से लेकर सचिव स्तरीय बजट चर्चा के बाद अब बारी है मंत्री स्तरीय बजट चर्चा की। यह चर्चा 6 जनवरी से शुरू होकर 9 तक चलेगी। हालांकि अभी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विभागों की चर्चा का समय तय नहीं हुआ है।

मंत्री स्तरीय बजट चर्चा के दौरान 6 जनवरी से 9 जनवरी तक मुख्य बजट प्रस्तावों एवं नवीन मद प्रस्तावों पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी के साथ चर्चा होगी। बताया गया है कि मंत्री अपने विभागों से संबंधित नई योजनाओं के प्रस्ताव पेश करेंगे। वित्त मंत्री से चर्चा के बाद प्रस्तावों को अंतिम रूप देकर बजट में शामिल किया जाएगा। जिन नवीन मद के प्रस्तावों पर सहमति नहीं होगी उन्हें दरकिनार किया जाएगा। इसी चर्चा के एक हिस्से में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विभागों के प्रस्तावों पर वित्त मंत्री के साथ चर्चा होगी।



### ये है मंत्री स्तरीय बजट चर्चा का कार्य

वित्त विभाग द्वारा मंत्री स्तरीय बजट चर्चा का कार्यक्रम जारी किया गया है। 6 जनवरी को चार मंत्री इस चर्चा में शामिल होंगे। इनमें लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, राजेश अग्रवाल, खुशवंत साहेब। 7 जनवरी को केदार कश्यप, टंकराम वर्मा, रामविचार नेताम, ओपी चौधरी, 8 तारीख को उप मुख्यमंत्री अरुण साव, गजेंद्र यादव, 9 की बैठक में दयाल दास बघेल, लक्ष्मी राजवाड़े और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विभागों पर चर्चा होगी।

# छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल में भर्ती

## दस्तावेज सत्यापन की समय-सारिणी जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल अंतर्गत मेल नर्स, फीमेल नर्स, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, नर्सिंग असिस्टेंट, ड्रेसर एवं कम्पाउंडर पदों की भर्ती प्रक्रिया 2023-24 के तहत चयनित अभ्यर्थियों के लिए दस्तावेज सत्यापन की समय-सारणी जारी कर दी गई है। अध्यक्ष भर्ती समिति छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह प्रक्रिया भर्ती केंद्र–4वीं वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, माना, जिला रायपुर में आयोजित की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार सभी अभ्यर्थियों को अपने-अपने पद एवं रोल नंबर के अनुसार निर्धारित तिथि को प्रातः 8 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। दस्तावेज सत्यापन क्रमशः 12 जनवरी से प्रारंभ होकर 2 फरवरी तक चलेगा।



### प्रवेश पत्र जारी

दस्तावेज सत्यापन हेतु प्रवेश पत्र संबंधित तिथि से 10 दिन पूर्व जारी कर दिए गए हैं, जिन्हें अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को अपने सभी आवश्यक मूल दस्तावेजों एवं उनकी प्रतियों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है।

### पदवार तिथि इस प्रकार है

समय-सारणी के अनुसार मेल नर्स पद के लिए 12 एवं 13 जनवरी को, फीमेल नर्स पद के लिए 14 जनवरी से 21 जनवरी तक, लैब टेक्नीशियन के लिए 22 जनवरी को तथा फार्मासिस्ट पद के लिए 23, 27, 28 एवं 29 जनवरी को दस्तावेज सत्यापन किया जाएगा। वहीं नर्सिंग असिस्टेंट एवं ड्रेसर पद के अभ्यर्थियों का सत्यापन 30 जनवरी को एवं कम्पाउंडर पद के अभ्यर्थियों का 2 फरवरी को किया जाएगा।

# विकास कांग्रेस प्रवक्ता पद से हटाए गए, कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने झीरम कांड में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल और कवासी लखमा का नार्को टेस्ट कराने के लिए झीरम वृहद जांच आयोग के अध्यक्ष को पत्र लिखे जाने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता प्रदेश विकास तिवारी को पद से हटाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

महामंत्री ने जारी विकास तिवारी को पत्र में कहा है कि झीरम जांच के लिये गठित न्यायिक जांच आयोग को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं सहित प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का नार्को टेस्ट के लिए लिखा है और जांच के लिये कहा है। उन्होंने कहा है कि यह घटना भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हुई और इसकी जिम्मेदार भाजपा सरकार है। घटना को लेकर कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर लड़ाई लड़ रही है और पीड़ित परिवार सहित प्रदेश की जनता सच्चाई जानना चाहती है। वरिष्ठ प्रवक्ता होने के नाते आपकी बात पार्टी लाइन में होना चाहिए, किन्तु आपके द्वारा हमारे दोनों वरिष्ठ नेताओं का नाम जोड़कर मीडिया में प्रचारित करना अनुशासनहीनता के दायरे में आता है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार विकास को वरिष्ठ प्रवक्ता के पद से पदमुक्त करते हुए यह कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। 3 दिन के भीतर अपना लिखित जवाब प्रदेश कांग्रेस को प्रेषित करें।

### झीरम कांड में कांग्रेस नेताओं के नार्को टेस्ट की मांग की थी



### पार्टी ने गंभीरता से लिया

उल्लेखनीय है कि विकास तिवारी ने पिछले दिनों में झीरम कांड को लेकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा जांजगीर-चांपा में दिए गए भाषण को आधार बनाते हुए उन्होंने कांग्रेस नेताओं का भी नार्को टेस्ट कराने को लेकर पत्र लिखा, मामले को उन्होंने सोशल मीडिया में प्रचारित भी किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इसे गंभीरता से लिया और पूरे मामले में प्रदेश प्रवक्ता पर कार्रवाई की है।

# एसआईआर के साथ 2828 नए मतदान केंद्र बनाए गए, औसत मतदाता की संख्या हुई कम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में एक तरफ एसआईआर के साथ ही मतदाताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने 2828 नए मतदान केंद्र बनाने का फैसला किया है। आने वाले विधानसभा चुनाव में बढ़े हुए मतदान केंद्रों में औसत मतदाता की संख्या को कम करने का निर्णय लिया गया है।

बताया गया है कि मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मत का उपयोग कर सके, माना जा रहा है कि आने वाले विधानसभा चुनाव तक यह प्रक्रिया लागू हो जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन विभाग ने इस बार 2828 नए मतदान केंद्र बनाए हैं। नए केंद्रों के जुड़ने से राज्य में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 24371 से बढ़कर 27199 हो जाएगी। निर्वाचन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, नए मतदान केंद्र मुख्य रूप से उन इलाकों में बनाए जा रहे हैं, जहां जनसंख्या घनत्व बढ़ा है या प्रति बूथ मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक हो गई है। जिन क्षेत्रों में पिछली बार मतदाता दूरी या भौगोलिक कठिनाइयों के कारण मतदान नहीं कर पाए थे, वहां भी विशेष रूप से केंद्र स्थापित किए गए हैं।



### ग्रामीण इलाकों और नक्सल प्रभावित जिलों में बनेंगे

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि इस बार दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हर नए मतदान केंद्र पर व्हीलचेयर, रैंप, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि सभी मतदाता बिना किसी असुविधा के मतदान कर सकें। निर्वाचन आयोग के नए केंद्रों में लगभग 45 प्रतिशत ग्रामीण इलाकों में और 25 प्रतिशत नक्सल प्रभावित जिलों में स्थापित किए गए हैं। आयोग का उद्देश्य यह है कि किसी भी मतदाता को अपने घर से मतदान केंद्र तक जाने के लिए दो किलोमीटर से अधिक दूरी तय न करनी पड़े।

## पेज 9 के शेष

### मतदाता सूची पुनरीक्षण...

पात्र मतदाता का नाम सूची से गलत तरीके से नहीं हटाया जाएगा। वहीं अपात्र अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाकर सूची को शुद्ध किया जाएगा।

**नोटिस को गंभीरता से लें मतदाता–** प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे नोटिस को गंभीरता से लें और समय पर संबंधित बीएलओ या निर्वाचन कार्यालय में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं। इससे न केवल उनकी मतदाता पहचान सुरक्षित रहेगी, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया भी और अधिक मजबूत होगी। मतदाता सूची के इस पुनरीक्षण अभियान से बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव की नींव मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### जिले में अब...

उठाव एवं परिवहन की आवश्यकता है, इन केंद्रों से धान उठाव हेतु डीओ जारी होने वाले मिलर्स से तत्काल उठाव कराएं। उठाव नहीं करने वाले मिलर्स पर कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने डीएमओ को निर्देशित किया कि प्रतिदिन 15 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव कराने हर संभव प्रयास करें। इसी तरह सहकारिता एवं खाद्य अधिकारी समिति एवं उपार्जन केंद्रों की कड़ी निगरानी रखें एवं अगले 5 दिन की खरीदी मात्रा के अनुसार उठाव हेतु चिन्हांकित करें। बताया गया कि जिले के सभी 166 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी जारी है एवं अब तक 88468 किसानों से 428748 मीट्रिक टन धान खरीदी एवं 148584 मीट्रिक टन का उठाव किया गया है।

### 50 लाख की...

फर्जी आधार कार्ड व दस्तावेजों के सहारे योजनाबद्ध तरीके से उसके साथ छल किया है।

**आरोपियों ने धोखाधड़ी कबूल किया–** हिरासत में लिए जाने के बाद पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने योजना बनाकर फर्जी आधार कार्ड और दस्तावेज तैयार किए थे, ताकि प्रार्थी से मोटी रकम हड़पी जा सके। पुलिस अब आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा

### साहू समाज की ...

में शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें गांव के सैकड़ों महिला-पुरुषों की उपस्थिति रही। आयोजन के दौरान समाज की एकता, परंपरा एवं सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने का संदेश दिया गया। अंत में उपस्थितजनों ने जय भामाशाह, जय राजिम माता, जय कर्मा माता के जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

### ओव्हरलोड रेत भरकर...

पड़ने से लोगों को कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जानकरों का कहना है कि उपरोक्त मार्ग पर खुले में रेत परिवहन अधिकारी कर्मचारी ठेकेदारों के मिली भगत से ही संभव है। रायपुर जिले की महानदी की रेत बलौदाबाजार जिले से होते हुए बेमेतरा कवर्धा जिले जा रही है, जबकि सिमगा के दोनों हाईवे ओवर ब्रिज के नीचे यातायात विभाग हमेशा तैनात रहता है। इसी तरह शिवनाथ नदी के उस पार बेमेतरा जबलपुर मार्ग पर सड़क परिवहन विभाग आरटीओ चौबीसों घंटे तैनात रहता है। इस क्षेत्र से गुजरने वाले बड़े-बड़े हाइवा में खुले में रेत परिवहन हो रहा है।

**खबर संक्षेप**

## मेहनत पर रखें भरोसा लक्ष्य जरूर होगा पूरा



**पलारी।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारनवापारा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर वनांचल ग्राम भिंभौरी में आयोजित आयोजित हुआ। शिविर के पांचवें दिन बौद्धिक सत्र में जिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर मुख्य वक्ता एवं रासेयो सलाहकार संदीप पांडेय विशेष वक्ता के रूप में पहुंचे। जिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा की कोई भी लक्ष्य छोटा या बड़ा नहीं होता, लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत और लगन अपने अंदर जिंदा रखिए सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने देश के महापुरुषों और विद्वानों का उदाहरण देते हुए बताया कि हर व्यक्ति साधारण रूप से जन्म लेता है, परंतु अपनी सोच, समझ और अपने कार्यों से असाधारण व्यक्तित्व के धनी बन जाते हैं। आप सुदूर वनांचल में रहते हैं तो इसका तात्पर्य ये नहीं है कि साधन या संपन्नता के अभाव में अपने लक्ष्य और सपने को पूरा नहीं कर पाएंगे, जरूर पूरा होगा, बस आपको अपनी मेहनत पर ईमानदारी और खुद के अंदर भरोसा रखो, कामयाबी आपके कदम चूमेगी। उन्होंने नशा मुक्ति के लिए स्वरचित छत्तीसगढ़ी में कविता पाठ कर युवाओं में एक नई चेतना का संचार किया। इसी तारतम्य में जिला सलाहकार संदीप पांडे ने व्यक्तित्व विकास, स्वामी विवेकानंद की जीवनी सहित करियर गाइड लाइन से संबंधित जानकारी साझा किये और कविता पाठ कर स्वयं सेवकों को गुदगुदाया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष व वरिष्ठ स्वयं सेवक ऋषि साहू व आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश वर्मा ने किया।

## रकबा संशोधन के लिए 7 तक का समय निर्धारित

**महासमुंद।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत किसानों को धान बेचने में परेशानी न हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सचिव द्वारा पत्र जारी कर एग्रीस्टैक फार्मर आईडी जनरेटेड किसानों का धान विक्रय के लिए त्रुटिपूर्ण रकबा संशोधन एवं पीवी सत्यापन, त्रुटिपूर्ण फसल प्रविष्टि सुधार का विकल्प आगामी 07 जनवरी तक खुला रहने की जानकारी दी गई है। इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि सचिव कृषि विभाग के आदेशानुसार जिले के सभी किसान जो एग्रीस्टैक फार्मर आईडी में पंजीकृत हैं, उनके त्रुटिपूर्ण रकबा संशोधन, पीवी सत्यापन, त्रुटिपूर्ण फसल प्रविष्टि का विकल्प आगामी 07 जनवरी तक सोसायटी एवं लैंपस मॉड्यूल खुला रहेगा।

## बिंद्रावन में भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 6 से

**नर्रा।** ग्राम बिंद्रावन में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह आयोजन 6 से 14 जनवरी 2026 तक किया है। कथा वाचक पंडित हेमप्रकाश बबलू शर्मा उखरा वाले होंगे। कथा श्रवण दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक होगा। 6 जनवरी मंगलवार को वेदी, कलश स्थापना, गौकरण पूजा, 7 जनवरी बुधवार को भगवान विष्णु के 24 अवतार।

# अंचल में आज छेरछेरा की धूम, घर-घर गूंजेंगे दान और उल्लास के स्वर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिरमी-रावन

छत्तीसगढ़ की माटी का पारंपरिक और सबसे अनूठा लोकपर्व छेरछेरा आज पूरे अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पौष पूर्णिमा पर मनाया जाने वाला यह पर्व किसान संस्कृति, सामाजिक समरसता और दान की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है।

छेरछेरा पर मान्यता है कि इस दिन दान करने से अन्न के भंडार कभी खाली नहीं होते। गांवों में आज सुबह से ही बच्चे, युवा और बुजुर्गों की टोलियां हाथों में थैली और टोकरी लेकर घर-घर पहुंचेंगी। गलियों में छेर-छेरा, माई कोठी के धान ला हेरते हेरा और कोठी भर-भर दे के स्वर गूंजेंगे, जहां गृहणियां खुले मन से अन्न का दान कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगी।

### गृहिणियां खुले मन से अन्न का दान कर करेंगी

### सामाजिक समरसता का अनूठा संदेश

छेरछेरा केवल अन्न संग्रह का माध्यम नहीं है, बल्कि यह ऊंच-नीच के भेदभाव को भुलाकर समाज को एकजुट करने का पर्व है। यह उत्सव आने वाली पीढ़ी को अपनी जड़ों और संस्कारों से जोड़ने का एक सशक्त जरिया है। बुजुर्गों के अनुसार, यह पर्व हमें साझा संस्कृति और सहयोग की सीख देता है, जिससे हमारी लोक संस्कृति आज भी जीवंत बनी हुई है। आज हिरमी, रावन और आसपास के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में दान लेने और देने का यह सिलसिला दिन भर चलेगा, जो आपसी प्रेम और खुशहाली का संदेश प्रसारित करेगा।



### सांस्कृतिक रौनक और पारंपरिक वेशभूषा

बच्चे और युवा पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकते हुए टोली बनाकर निकलेंगे। महिलाएं पारंपरिक छेरछेरा गीत गाएंगी, वहीं युवा वर्ग डंडा नृत्य और अन्य लोकनृत्यों के माध्यम से उत्सव की रौनक बढ़ाएंगे। कई स्थानों पर छोटे-बड़े मेलों का आयोजन होगा, जहां ग्रामीण हस्तशिल्प और स्थानीय व्यंजनों का आनंद लिया जा सकेगा। घरों में विशेष रूप से चिला, फरा और अन्य छत्तीसगढ़ी पकवान बनाए जाएंगे।

### एसपी भावना गुप्ता ने कंधे पर अशोक स्तंभ लगाकर दी पदोन्नति

# निधि नाग बनीं जिले की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बड़ी जिम्मेदारी मिली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिला पुलिस कार्यालय में शुक्रवार को एक गरिमामय विभागीय पदोन्नति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बलौदाबाजार की एसडीओपी निधि नाग को उनके उत्कृष्ट सेवा रिकॉर्ड के आधार पर उप पुलिस अधीक्षक से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने नव-पदोन्नत अधिकारी निधि नाग के कंधे पर पुलिस विभाग का प्रतिष्ठित अशोक चिन्ह लगाकर पदोन्नति की औपचारिक प्रक्रिया पूर्ण की। एसपी भावना गुप्ता ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई जिम्मेदारियों के साथ वे जिले की सुरक्षा और कानून व्यवस्था में और भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।



### *अनुभवी अधिकारी हैं निधि नाग*

*निधि नाग वर्तमान में एसडीओपी बलौदाबाजार के पद पर अपनी सेवाएं दे रही थीं। उनके कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में पुलिसिंग और जन-संवाद को बेहतर बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। अब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में उनकी पदस्थापना से जिले के पुलिस प्रशासन को और मजबूती मिलेगी। पदोन्नति के इस हर्षोल्लास भरे कार्यक्रम में जिले के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी साक्षी बने। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह एवं हेमसागर सिदार, उप पुलिस अधीक्षक अपूर्वा क्षत्रिय, तुलसी लेकाम एवं राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।*

# सड़क निर्माण के लिए 7 करोड़ 68 लाख मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा/भाटापारा

वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा के सतत प्रयासों से क्षेत्र के सड़क निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग से 7 करोड़ 68 लाख 78 हजार रुपए की तीन मार्गों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें मर्राकोना - संजारी - नवागांव लम्बाई 3 किलोमीटर पुल पुलिया सहित 3 करोड़ 51 लाख 18 हजार, दरचूरा- हथबंद मार्ग 03.50 किलोमीटर डामर मजबूतीकरण निर्माण कार्य 02 करोड़ 36 लाख 63 हजार एवं मुख्य मार्ग से पौसरी पहुंच मार्ग 01.65 किलोमीटर 01 करोड़ 80 लाख 97 हजार स्वीकृत हुए हैं। सीसी रोड 5 लाख ग्राम हरिनभट्ठा, कोलिहा, लिमतरा, मचाभाठ, ढेकुना चंदिया, पथरा, चोरहा, नवागांव इससे पूर्व भी भाटापारा विधानसभा को विभिन्न विकास कार्यों के लिए करोड़ों की स्वीकृति मिली हैं, जिसका कार्य प्रगति पर हैं। श्री शर्मा ने उक्त स्वीकृति पर कहा कि यह कार्य सिर्फ सड़के नहीं, बल्कि जन-जन के जीवन को सरल और समृद्ध बनाने का संकल्प हैं। ग्रामीण अंचलों में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं और जन सुविधाओं का चरणबद्ध विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता के सुगम आवागमन हेतु सड़कों का विस्तार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।



इसी तरह जन भावनाओं के अनुरूप पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा की अनुशंसा से मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत सिमगा विकास खंड के ग्राम रोहरा, संजारी नवागांव, लिमतरा, खड़वा, मुसवाडीह में 9.40 रुपए एवं 9.40 लाख के मुक्तिधाम और शेड निर्माण के लिए 47 लाख की स्वीकृति मिली हैं।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों के जीवन को सुगम बनाने और उनकी समस्याओं का निराकरण मूलभूत सुविधाओं, विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों, स्वच्छता,सौन्दर्यीकरण एवं अति आवश्यक जरूरतों सड़क, बिजली, पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता हैं।

# समोदा की छात्रा वसुंधरा का राष्ट्रीय हॉकी स्पर्धा में चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय समोदा की कक्षा आठवीं की छात्रा वसुंधरा साहू ने खेल जगत में समोदा सहित पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। हॉकी अंडर-14 आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए वसुंधरा का चयन राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।



वसुंधरा ने हॉकी के मैदान पर अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा के दम पर विकासखंड, जिला, संभाग और फिर राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनके इसी निरंतर बेहतर खेल की बदौलत उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है।

**ग्वालियर में करेंगी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व-** आगामी नववर्ष के उपलक्ष्य में यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2 से 7 जनवरी तक मध्य प्रदेश के ग्वालियर में आयोजित की जा रही है। वसुंधरा इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए रवाना हुई।

अपनी इस बड़ी सफलता का श्रेय वसुंधरा ने अपनी हॉकी कोच एथेंस मिंज को दिया है। उल्लेखनीय है कि कोच एथेंस मिंज विद्यालय की कई अन्य छात्राओं को भी हॉकी का बेहतरीन प्रशिक्षण दे रही हैं, जिससे क्षेत्र में खेल के प्रति उत्साह बढ़ा है।

वसुंधरा की इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों और विद्यालय स्टाफ में हर्ष की लहर है। जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी छाया राव और ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी राकेश प्रधान ने छात्रा को बधाई दी है। प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार पटले, वरिष्ठ व्याख्याता आज्ञाराम ठाकुर, व्यायाम शिक्षक भोजराम मनहरे, ओंकेश्वर सोनवानी सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने वसुंधरा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे जीत के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



# गिरौदपुरी पहुंचे विधायक देवेंद्र का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिधौरी

बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव का भव्य स्वागत विधायक प्रतिनिधि प्राण लहरे की अगवाई में कार्यकर्ताओं ने किया। इस दौरान विधायक देवेंद्र यादव एवं प्राण लहरे ने कार्यकर्ताओं के साथ बाबा घासीदास जी के मंदिर में माथा टेके और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

इस संपूर्ण कार्यकम में युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान, मानस पांडे, भीषम साहू, संजय साहू, अर्जुन रात्रे, देवेंद्र कम, मुरलीधर मिश्रा, धनीराम नाग, नोबेल डहरिया, सुखलाल निषाद, रामेंद्र, राम पंकज आदि सैकड़ों कार्यकर्ता, आमजन, वरिष्ठजन शामिल होकर पूजा अर्चना कार्यक्रम को सफल बनाये।



# कसडोल मंडल में हुआ अटल स्मृति सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सेल

भाजपा कसडोल मंडल अंतर्गत स्थानीय भाजपा कार्यालय दर्रा में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। भाजपा पदाधिकारियों ने सभी 7 मंडलों से पहुंचे मंडल अध्यक्षों सहित अन्य पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस दौरान वक्ताओं ने अटलजी को यादकर उनके द्वारा देशहित में किये गए कार्यों को याद किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ को पृथक राज्य का दर्जा देने पर उनका अनुशासन और उनके किये गए कार्यों पर चिंतन किया गया।

साथ ही भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अजय राव ने अटलजी के कार्यों को याद कर उनका समाजहित और देशहित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही वर्तमान में सरकार द्वारा 20 वर्षों के बाद कराए जा रहे एस आई आर पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ और शक्ति केंद्र स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं का नाम जोड़ने सहित मॉनिटरिंग करने की बात कही। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अजय राव, पूर्व प्रदेशमंत्री श्यामबाई साहू, वरिष्ठ नेता नवीन मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी, पूर्व पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, जिला मंत्री मेलाराम साहू, कटगी मंडल अध्यक्ष अंजीव जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, जिला प्रतिनिधि दिलहरण जायसवाल, भाजपा महामंत्री रामचंद्र ध्रुव, अनिल श्रीवास, पूर्व सरपंच सत्यनारायण पटेल, पार्षद भानुप्रताप साहू, पार्षद शकुंतला पटेल, पुनेश्वर नाथ मिश्रा, भगवती साहू, मंजू बंजारे, वरिष्ठ नेत्री सीमा थवाईत, निर्मला साहू, रामवती वर्मा, पूर्व सभापति गुनीराम साहू, गणेशशंकर साहू, विजय यादव सहित अन्य मौजूद थे।





# सेवानिवृत्त 7 कर्मचारियों का कलेक्टर ने किया सम्मान



**बलौदाबाजार।** सेवानिवृत्त हुए 7 शासकीय सेवकों को कलेक्टर दीपक सोनी ने शाल-श्रीफल से सम्मानित किया एवं उन्हें पेंशन पेमेंट आर्डर की प्रति सौंपी। इस अवसर पर उन्होंने लम्बे समय तक जनसेवा एवं भावी पीढ़ी तैयार करने में अहम भूमिका निभाने के लिये बधाई दी तथा उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन हेतु शुभकामनाये भी दी। सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों में मिनीमाता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कसडोल के व्याख्याता प्रवीण कुमार शर्मा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भाटापारा के प्रधान पाठक मान साय साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिमगा के श्यामलता वर्मा, प्रधान पाठक पद्मा वर्मा, अनिल कुमार नायक, रिद्धि साहू एवं तहसील कार्यालय बलौदाबाजार के चैनमेन रामूलाल ध्रुव शामिल है। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी सौम्या शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सेल में तीन दिवसीय नागलीला का समापन





हरिभूमि न्यूज ▸▸ सेल।

ग्राम सेल में तीन दिवसीय नागलीला का समापन हुआ। अंतिम दिन नागलीला देखने के लिए आसपास गांव के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। हर साल की तरह इसी वर्ष नागलीला देखने के लिए जनसैलाब उमड़ा। नागलीला में भगवान विष्णु माता लक्ष्मी एवं देवी का तालाब का चारों तरफ पूजा अर्चना करते हुए परिक्रमा की गई। कार्यक्रम में पंच पीलू वर्मा, सत्यनारायण जायसवाल, रामकुमार खूंटे, शिवप्रसाद वर्मा, लेखराम जायसवाल कृष्णा वर्मा, धनंजय साहू, विजय कुमार जायसवाल, दिलेराम वर्मा, सहयोगी महेश्वर साहू, मंडी प्रभारी सेल अनिल कैवर्त्य, जगेश जायसवाल, महेश्वर जायसवाल, सूरज कुमार जायसवाल, सतीश जायसवाल, भास्कर जायसवाल सहित समस्त ग्रामवासी सूतियापारा सेल सम्मिलित हैं।

# ऑयल पाम की खेती से संवरेगी किसानों की किस्मत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

राज्य सरकार ने किसानों की आर्थिक समृद्धि को देखते हुए आयल पॉम की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा निर्णय लिया है। इसके तहत आयल पाम की खेती करने वाले किसानों को केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा अनुदान के अलावा राज्य सरकार टॉपअप के रूप में अतिरिक्त अनुदान दे रही है। यह अनुदान रखरखाव, अंतवर्तीय फसल, ड्रिप सिंचाई एवं फेंसिग के लिये दी जायेगी। सरकार की इन नीतिगत फैसलों से आयल पॉम की खेती के लिए किसान आकर्षित हो रहे है। इसका किसानों को दीर्घकालीन लाभ मिलेगा। उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही अनुदान के अतिरिक्त राज्य सरकार 69620 रुपये प्रति हेक्टेयर का अतिरिक्त टॉपअप अनुदान देगी। रखरखाव के लिए अब पहले से मिल रहे 5250 रुपये के अतिरिक्त 1500 रुपये प्रति हेक्टेयर, अंतरवर्ती फसल के लिये 5250 रुपये के साथ 5000 रुपये प्रति हेक्टेयर तथा ड्रिप सिंचाई पर 14130 रूपये के अतिरिक्त 8635 रुपये प्रति हेक्टेयर का टॉपअप मिलेगा। पहली बार फेंसिंग पर भी 54485 रुपये प्रति हेक्टेयर का अनुदान दिया जायेगा। आयल पॉम एक दीर्घकालीन फसल है जिसमें रोपण के चौथे वर्ष से उत्पादन शुरू होकर लगभग 30 वर्षों तक निरंतर आय मिलती है। पारंपरिक तिलहनी फसलों की तुलना में इसकी तेल उत्पादन क्षमता 4 से 6 गुना अधिक है।

- **सरकार देगी 69,620 हजार प्रति हेक्टेयर का अतिरिक्त टॉपअप अनुदान**

## Affidavit

Bhairavi Sahu, Daughter of Rajesh Kumar Sahu, Caste Teli, Age 56 years Residential Address: Ward No. 05, Balodabazar, District - Balodabazar-Bhatapara (Chhattisgarh) - 493332

1. That, my name is Bhairavi Sahu, my father's name is Rajesh Kumar Sahu, and my mother's name is Monika Sahu. These names are recorded in English alphabets in my Birth Certificate, which is true and correct.
2. That, in my Class 10th Marksheet, my name has been erroneously recorded in English as Bhairvee Sahu, my father's name as Rajesh Sahu, and my mother's name as Monika Sahu.
3. That, the discrepancy in the names mentioned in paragraphs 1 and 2 above is solely due to differences in English spelling. Bhairavi Sahu and Bhairvee Sahu are the names of one and the same person (Deponent), and Rajesh Kumar Sahu and Rajesh Sahu are the names of one and the same person (Deponent's father). All records belong to the same individuals.
4. That, this affidavit is being submitted to support the correction of the English spelling of my name and my father's name in my Class 10th Marksheet to match the details recorded in my Birth Certificate.

**Deponent**

Verification

I, the above-mentioned deponent, verify that the statements in paragraphs serial number 01 to 04 of this affidavit are true and correct, and I have signed affixed my thub impression after understanding and identifying the same, this 2 January 2026 at Baloda Bazar

**Signature of Deponent**

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
03 जनवरी 2026
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 03:00, 6:45, 9:00 PM
इक्कीस
शो समय - 12:00, 6:00 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# शराब पीकर गाड़ी चलाने और ओवरलोड पर कोर्ट ने लगाया 1.95 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

अलग खबर

बलौदाबाजार जिले में नव वर्ष के जश्न के दौरान शांति, कानून और सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए हथबंद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले वाहन चालकों पर न्यायालय द्वारा भारी अर्थदण्ड लगाया गया है।

थाना हथबंद पुलिस द्वारा नव वर्ष की चेकिंग के दौरान शराब का सेवन कर वाहन चलाने वाले 4 चालकों को पकड़ा गया था। इन सभी के विरुद्ध मामला माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ न्यायालय ने प्रत्येक चालक पर 10-10 हजार रुपये का अर्थदण्ड कुल 40 हजार आदेशित किया है।

पकड़े गए वाहन चालक में चैता बांधे 40 वर्ष ग्राम खिलोरा मोटर सायकिल क्रमांक सीजी 22 जेड 5495, हुलेश्वर कोसले 18 वर्ष ग्राम खिलोरा मोटर सायकिल सीजी 22 जेड 2076 मोहन यादव 35 वर्ष ग्राम सकरी मोटर सायकिल क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 2630 और विजय कुमार निर्मलकर 38 वर्ष ग्राम भैसा मोटर सायकिल सीजी 04 डीबी 3189 पर 10-10 हजार का जुर्माना लगाया है।

## हथबंद पुलिस ने की कार्रवाई से वाहन चालकों में हडकंप

### ओवरलोड भारी वाहनों पर 1.55 लाख की पेनाल्टी

सड़कों पर खतरा पैदा करने वाले ओवरलोड भारी वाहनों के खिलाफ भी पुलिस ने सख्त रुख अपनाया। ओवरलोड वाहन चलाने वाले 3 चालकों पर माननीय न्यायालय सिमगा द्वारा कुल 1,55,000 का जुर्माना लगाया गया है। इसमें मुन्ना साहू कठीया बेमेतरा हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 12 एजेड 8325 पर 62 हजार, संजू पाल नवागढ़ बेमेतरा हाईवा क्रमांक सीजी 04 एनजी 6613 पर 59 हजार और राजेश कुमार पडवार सैदा मण्डला वाहन चालक पर 34 हजार का जुर्माना लगाया गया है। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने स्पष्ट किया है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और नशा कर वाहन चलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। नव वर्ष के मद्देनजर यह कार्रवाई लगातार जारी है ताकि आम नागरिक सुरक्षित महसूस कर सकें।



## खबर संक्षेप

### मोहरेंगा में 9 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा कल से

खरोरा। ग्राम मोहरेंगा में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 4 से 12 जनवरी तक किया जायेगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से सायं 5 बजे तक गांधी चौक मोहरेंगा में चलेगी। कथा वाचक पं. शिवकुमार त्रिपाठी, पारायणकर्ता वैदिक पं. विनय धर दीवान है। कार्यक्रम में प्रतिदिन श्रीमद्भागवत के विविध पावन प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। कथा की शुरुआत देव आह्वान व कलश यात्रा से होगी। सप्ताहभर में ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद चरित्र, राम कथा, कृष्ण जन्म, माखन लीला, रुक्मिणी विवाह जैसे प्रेरणादायी प्रसंग सुनाए जाएंगे। समापन अवसर पर गीता पाठ, तुलसी वंदना, हवन-तर्पण एवं सहस्त्रधारा का आयोजन होगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है। यह आयोजन ग्राम मोहरेंगा (खरोरा) के लिए आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक एकता का महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है।



### मल्दी हाईस्कूल में 60 छात्राओं को स्वेटर वितरित



अर्जुनी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्दी में भाटापारा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भोला वर्मा ने छात्रों को स्वेटर वितरण किया। उन्होंने शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा अच्छी पहल करते हुए हाईस्कूल के 60 बच्चों को स्वेटर वितरण किया। शासकीय हाईस्कूल में स्वेटर वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाटापारा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भोला वर्मा थे। इस दौरान सरपंच भारती राकेश वर्मा, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष दुर्गा वर्मा, उपसरपंच दीपक वर्मा, रामाधार वर्मा, शत्रुहन वर्मा, प्रमिला वर्मा, सुनील वर्मा, भरत ध्रुव, हेमिन वर्मा, हेमंत वर्मा, साधिन बाई शिक्षक, एस के भसगौरी, एल आर गोड़, पी के सोनी, एमके साहू सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### अंचल में आज मनेगा छत्तीसगढ़ लोक पर्व छेरछेरा

अर्जुनी। छत्तीसगढ़ का प्रमुख लोकपर्व त्योहारों में से एक छेरछेरा पर्व आज धूमधाम से मनाया जाएगा। बता दे कि इस पर्व में लोग घर-घर जाकर धान को दान के रूप में लेते है। वहीं कृषक वर्ग सहित व्यवसायी वर्ग भी धान का दान करते हैं। इस अवसर पर अंचल के कई गांव में मड़ई मेला का आयोजन किया जाता है, जिसमें भारी मात्रा में लोगों का हुजूम देखने को मिलता है। इस प्रकार से सुबह से लेकर बड़े बुजूर्ग व बच्चे छेरछेरा मनाएंगे साथ ही अंचल में मेला का भी लुफ्त उठाएंगे।

### सेल में 5 से 13 जनवरी तक शिव महापुराण कथा

सेल। ग्राम सेल विकासखंड कसडोल में 2 से 13 जनवरी तक संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन रखा गया है। इसमें कथाकार पं. घनश्यामानंद पांडेय द्वारा कथा श्रवण पान कराया जाएगा। संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा सुनने लोगों से अपील की गई हैं। पं. घनश्यामानंद पांडेय, यजमान श्यामलाल जायसवाल, रमला जायसवाल, फागूलाल साहू, लक्ष्मीन साहू होंगे। 5 जनवरी को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। सोमवार दोपहर 2 बजे कथा कार्यक्रम 5 जनवरी को कलश यात्रा वेदी पूजन माहात्म्य कथा। 6 जनवरी को शिव पुराण परिचय कथा प्रारंभ, 7 जनवरी को नारद मोह का कथा, 8 जनवरी को सती चरित्र पार्वती जन्मोत्सव, 9 जनवरी शिव पार्वती विवाह उत्सव, 10 जनवरी को कार्तिक जन्मोत्सव गणेशो जन्मोत्सव, 11 जनवरी को त्रिपुरासुर जालंधर शखचुंड उद्धार, 12 जनवरी शिव के अवतार द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा, 13 जनवरी को महाभिषेक महाआरती महाप्रसाद हवन तर्पण पूर्णाहुति होगी। समय दोपहर 1 बजे से रुद्राभिषेक पार्थिव शिवलिंग पूजन किया जाएगा। आयोजक मित्र मंडल सेवा समिति आयोजक सत्यनारायण जायसवाल, अनुप कुमार कैवर्त्य, संतोष साहू, अजय जायसवाल, दिनेश साहू, फागुलाल साहू, चंद्रभान जायसवाल, मोहन जायसवाल, लखन कैवर्त्य, संतोष जायसवाल, घनश्याम जायसवाल सहित समस्त मोहल्लावासी के सहयोग से संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन रखा गया हैं।

## मेला : वन प्रबंधन समितियों से गठित पर्यटन प्रबंधन समिति करेगी संचालन

# तुरतुरिया में इको रिलीजियस टूरिज्म का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



प्रकृति का सम्मान करते हुए स्थानीय संस्कृतियों और वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाय बिना धार्मिक स्थलों का अवलोकन के उद्देश्य से वन परिक्षेत्र बल्दाकछार अंतर्गत स्थित सुप्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल तुरतुरिया में इको रिलीजियस टूरिज्म की अवधारणा को साकार किया जा रहा है। इसके लिये तुरतुरिया संयुक्त वन प्रबंधन एवं पर्यटन समिति के माध्यम से संचलित किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष पौष पूर्णिमा के अवसर पर तुरतुरिया में आयोजित होने वाला तीन दिवसीय मेला इस वर्ष 2 से 4 जनवरी तक आयोजित है। तुरतुरिया पर्यटन प्रबंधन हेतु गठित इस समिति में आसपास के पांच ग्राम खुड़मुड़ी, बफरा, पैरागुड़ा, भिंभोरी एवं ठाकुरदिया के कुल 21 सदस्यों को शामिल किया गया है, जिनमें महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है। समिति को नियमानुसार न केवल अपने दायित्व सौंपे गए हैं, बल्कि कार्यों के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक अधिकार भी प्रदान किए गए हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर उत्तरदायित्वपूर्ण एवं पारदर्शी प्रबंधन सुनिश्चित हो सके। समिति द्वारा तुरतुरिया आने वाले पर्यटकों के लिए वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था की गई है तथा सुलभ शौचालयों का प्रबंधन किया जा रहा है। इसके साथ ही स्थल की नियमित साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण एवं पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने का कार्य भी समिति द्वारा सक्रिय रूप से किया जा रहा है। इस पर्यटन प्रबंधन समिति द्वारा कार्य 23 दिसम्बर 2025 से प्रारंभ किया गया है तथा



एक सप्ताह में पीक टूरिस्ट सीज़न के दौरान समिति द्वारा लगभग रूपये 70,000 की आय अर्जित की गई है। पॉलीथिन मुक्त तुरतुरिया की संकल्पना को आत्मसात करते हुए समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विशेष पहल की गई है। इसके अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर बांस से निर्मित कूड़ादान स्थापित किए जा रहे हैं तथा प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान के माध्यम से स्थानीय लोगों और पर्यटकों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है। विभिन्न स्थानों पर पोस्टर, बैनर एवं साइन बोर्ड लगाकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में स्थानीय बेरोजगार ग्रामीणों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं, जिससे पर्यटन के साथ-साथ आजीविका संवर्धन को भी बढ़ावा मिल रहा है। तुरतुरिया, बारनवापारा अभ्यारण्य से सटे होने के कारण यहाँ आसपास के क्षेत्रों में वन्यप्राणियों की उपस्थिति भी देखने को मिलती है। पर्यटक यहाँ प्राकृतिक परिवेश में वन्यजीवों का सहज अवलोकन कर पा रहे हैं। स्थल पर विकसित गार्डन क्षेत्र पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। भविष्य में पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा किचन शेड के निर्माण का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने कहा है कि भविष्य में तुरतुरिया संयुक्त वन प्रबंधन एवं पर्यटन समिति द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं विकास से जुड़ी अन्य गतिविधियों को भी चरणबद्ध रूप से संचालित करने की योजना है। आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) से समन्वय स्थापित कर पुरातात्विक सर्वेक्षण की संभावनाओं की दिशा में कार्य किया जाएगा जिससे तुरतुरिया को एक पुरातात्विक, स्वच्छ, सुंदर और सतत पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके।उल्लेखनीय है कि तुरतुरिया न केवल धार्मिक और पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है बल्कि ऐतिहासिक रूप से भी इसका विशेष महत्व रहा है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के वरिष्ठ अधिकारी जे.डी. बेगलर ने अपने सर्वेक्षण प्रतिवेदन (1874 75 एवं 1875 76) में उल्लेख किया है कि तुरतुरिया में बौद्धकालीन अवशेष उपलब्ध है तथा यहां बुद्ध की एक प्राचीन प्रतिमा विद्यमान है। जे.डी. बेगलर ने आगे अपने वृत्तांत में यह भी दर्ज किया कि उस समय तुरतुरिया स्थल का प्रबंधन कार्य बौद्ध भिक्षुणियों द्वारा किया जाता था।

# संपत्ति और जल कर फौरन जमा करने की दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा शहर के समस्त सम्पति करदाताओं और व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स स्वामियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष के सुचारू संचालन और शहर के विकास कार्यों की गति को बनाए रखने के लिए अपने करों का भुगतान समय सीमा के भीतर पूर्ण करें।

नगर पालिका प्रशासन द्वारा जारी निर्देशानुसार शहर के विकास और बुनियादी सुविधाओं (सफाई, प्रकाश, सड़क और जल आपूर्ति) को बेहतर बनाने में करदाताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे करदाता जिन्होंने पिछले वर्षों का संपत्ति कर, जलकर या कॉम्प्लेक्स कर अब तक जमा नहीं किया है, वे तत्काल बकाया राशि जमा करें। नियत समय के पश्चात कर भुगतान करने पर नियमानुसार अधिभार (शास्ति) आरोपित किया जाएगा। समय पर भुगतान कर आप अतिरिक्त आर्थिक भार से बच सकते हैं। करदाता नगर पालिका कार्यालय के राजस्व विभाग में नकद या चेक के माध्यम से अपने करों का भुगतान कर सकते हैं। साथ ही, डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने हेतु ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग भी किया जा सकता है।

### कुर्की की चेतावनी

लगातार सूचना के बाद भी कर जमा न करने वाले बड़े बकायादारों और कॉम्प्लेक्स स्वामियों के विरुद्ध नियमानुसार कुर्की एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने अपील करते हुए कहा है कि नगर का विकास हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। करदाताओं द्वारा जमा की गई राशि का उपयोग शहर की स्वच्छता और अधोसंरचना को मजबूत करने में किया जाता है। अतः सभी जागरूक नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए समय पर टैक्स जमा कर सहयोग प्रदान करें।



# भरूवाडीह में स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे जिपं अध्यक्ष नवीन अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम भरूवाडीह कला स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में निरीक्षण करने पहुंचे रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन कुमार अग्रवाल ने छात्र छात्राओं से संवाद किया। इस दौरान वे मूलभूत समस्याओं से अवगत हुए, और उसे निराकरण करने का आश्वासन दिया। ज्ञात हो यहा के प्राचार्य दिनेश वर्मा जिन्होंने इस विद्यालय को एक अलग पहचान दी है, यहा साल के 365 दिन स्कूल खुलता है और सुचारू रूप से अध्ययन व अध्यापन कार्य चलता है। उन्होंने अपने निजी व्यय से स्कूल के मरम्मत कार्य, उद्यान, विद्यालय की साज सज्जा करवा एक आर्दश विद्यालय का स्वरूप प्रदान किये। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष छगन यादव, ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि सेतकुमार बंजारे, छड़ियां सरपंच प्रतिनिधि उगेंद्र देवांगन मौजूद थे।

# सहकारी समिति और आंबा केंद्र भवन निर्माण का शिवरतन ने किया भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ग्राम भोथीडिह (निपनिया) व गुडाघाट में उचित मूल्य की दुकान व आंगनाबाड़ी केन्द्र भवन का भूमि पूजन पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा किया गया। ग्राम भोथीडिह में उचित मूल्य के दुकान भवन का भूमि पूजन किया गया, जिसमें शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक भाटापारा राकेश तिवारी जिला भाजपा सदस्य व मथूरा यादव, निपनिया भाजपा मंडल अध्यक्ष मालिक राम साहू, जनपद सभापति धनीराम साहू, निपनिया सहकारी समिति अध्यक्ष अनुप साहू, सरपंच भोथीडिह केसरी बाई साहू, उपसरपंच भोथीडिह तरुण कुमार साहू, सुखनन्द साहू, राधा बाई साहू, भरत साहू, बाला राम मरकाम आदि थे। इसके बाद काफिला गुडाघाट गए, जिसमें अतिथियों का स्वागत के बाद आंगनबाड़ी भवन व उचित मूल्य दुकान के लिए भूमि पूजन किया गया, जिसमें मानसिंग साहू सरपंच गुडाघाट, दौलत राम साहू पंच, भागबली ध्रुव पूर्व सरपंच, फेकन ध्रुव, संतोष ध्रुव, कामता ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि मोपका नारायण यादव, सरपंच प्रतिनिधि खपरी (एस), मनीराम साहू, हिरा लाल यादव और ग्रामीणवासी उपस्थित थे।

# वार्षिकोत्सव में छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

■ नन्हें कलाकारों ने बांधा समां





ग्राम हिरमी स्थित ज्ञानोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मोहनलाल वर्मा सभापति, उद्योग एवं सहकारिता समिति, जिला पंचायत बलौदाबाजार एवं अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति डीके कॉलेज रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य पीआर वर्मा ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सविता हेमंत यादव जनपद सदस्य, भारती वेदप्रकाश वर्मा सरपंच, सकलोर, जितेंद्र वर्मा संकुल समन्वयक, प्रेमलाल सिन्हा, संदीप वर्मा समाजसेवी, पीकेश एवं संगीता जगदीश तिवारी उपस्थित थे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने भारत की 'अनेकता में एकता' को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य पंथी, कर्मा, जसगीत, बारहमासी एवं गौरी-गौरा के साथ-साथ राजस्थानी घूमर, मराठी, आंध्र एवं बंगाली नृत्य दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे। इसके अलावा देशभक्ति गीत, फैंसी ड्रेस, डांडिया और जोकर डांस ने कार्यक्रम में विशेष रंग भर दिया। सांस्कृतिक प्रभारी शैल वर्मा के मार्गदर्शन में बच्चों ने कठिन परिश्रम से प्रस्तुतियां तैयार की, जिसमें विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा। मुख्य अतिथि डॉ. मोहनलाल वर्मा ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ कला और संस्कृति का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन हेमंत वर्मा ने अपनी ओजस्वी वाणी और हास्यपूर्ण शैली से किया। आयोजन के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे तथा पुलिस चौकी से जवानों की तैनाती रही।समारोह के समापन पर प्राचार्य पीआर वर्मा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणजनों का आभार व्यक्त किया। बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों और अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## नशामुक्त समाज के लिए निकाली गई जन-जागरण रैली

# दुर्गा चालीसा के अखंड पाठ में बिखरी सद्भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

पुराने वर्ष की विदाई और नए वर्ष के आगमन पर भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन नगर के साहू धर्मशाला में किया गया। 31 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से चलकर 1 जनवरी को दोपहर 1 तक 24 घंटे माता भगवती आदिशक्ति मां जगत जननी जगदंबा एवं परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्रजी महाराज का गुणगान किया गया। समापन दिवस में मां गुरुवर के जयकारे के साथ आरती की गई। इसके साथ ही नगर में साहू धर्मशाला से लेकर पुलिस थाना तक नशा मुक्ति जन जागरण रैली निकाली गई। गुरुवर जी का यह संदेश नशा मुक्त हो सारा देश के नारे के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने नगर भ्रमण किया।



समापन दिवस में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश मीडिया प्रमुख कार्तिक साहू ने बताया कि भगवती मानव कल्याण संगठन एक ऐसी समाज सेवी संस्था है, जिसका उद्देश्य नशामुक्त, मांसाहार मुक्त, चरित्रवान-चेतनावान समाज का निर्माण करना है। छत्तीसगढ़ में यह अभियान परमहंस योगीराज शक्तिपुत्रजी महाराज के निर्देशन में व्यापक रूप से चलाया जा रहा है। जिलेभर में संगठन द्वारा सतत 1 घंटे की आरती क्रम, 24 घंटे के चालीसा पाठ एवं 5 घंटे के चालीसा पाठक्रम के माध्यम से नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन का आव्हान करते हुए संपूर्ण जिलों को नशामुक्त बनाने की दिशा में सार्थक कदम उठाए जाने का आव्हान किया। साथ ही नए वर्ष में यह संकल्प लिया गया है कि पूरे जिले में ज्यादा से ज्यादा लोगों को नशामुक्त, मांसाहार मुक्त चरित्रवान-चेतनावन जीवन जीने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। प्रताप से माता भगवती आदिशक्ति जगत जननी जगदंबा की एवं परम पूज्य गुरुवर श्री की कृपा पाकर लोग साधना पथ की ओर आगे बढ़ रहे है। जिला अध्यक्ष दशरथ जायसवाल ने कहा कि पूरे जिले में इस वर्ष ज्यादा से ज्यादा जनजागरण करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए समस्त जिला वासियों की सहयोग से ही यह संभव होगा। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन तहसील अध्यक्ष उमेद राम निर्मलकर ने किया। उक्त कार्यक्रम में संगठन के साधकजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई,
22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411